# माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in Email ID – registrar@msuniversity.ac.in


पत्रांक : 2140 / 07 / प्रशा0 / MSU / 2023–24 दिनांक : 24.02.24

सेवा में,

01. प्राचार्य / प्राचार्या
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय

02. समन्वयक शैक्षणिक
विश्वविद्यालय परिसर

विषयः मतदाता शिक्षा एवं जागरूकता हेतु भारत निर्वाचन आयोग एवं शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के मध्य हुए एम0ओ0यू0 के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक विशेष सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग–3, उ0प्र0 शासन के संलग्न पत्र संख्या–365 / सत्तर–3–2024, दिनांक : 23 फरवरी, 2024 के साथ संलग्न कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी के पत्र संख्या –82 / सी0ई0ओ0–6 / 2–2023, दिनांक : 16.01.2024 की प्रति आपको इस आशय से प्रेषित की जा रही है कि कृपया यथा निर्देश आवश्यक कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें।

संलग्नक – यथोपरि।

भवदीय,

(वीरेन्द्र कुमार मौर्य)
कुलसचिव

प्रतिलिपि अधोलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

01. विशेष सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग–3, उ0प्र0 शासन।
02 संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी, कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ0प्र0 लखनऊ।
03 कुलपति कार्यालय को कुलपति महोदय के सूचनार्थ।

कुलसचिव

महत्वपूर्ण

संख्या–365/सत्तर–3–2024

प्रेषक,

डॉ० अखिलेश कुमार मिश्रा,
विशेष सचिव,
उ०प्र० शासन।

सेवा में,

1. **निदेशक**, उच्च शिक्षा, उ०प्र०, प्रयागराज।
2. **कुलसचिव**, समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय, उ०प्र०।

उच्च शिक्षा अनुभाग–3 लखनऊ : दिनांक 23 फरवरी, 2024

**विषय : मतदाता शिक्षा एवं जागरूकता हेतु भारत निर्वाचन आयोग एवं शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के मध्य हुए एम०ओ०यू० के कियान्वयन के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक कार्यालय, मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के पत्र संख्या–82/सीईओ–6, दिनांक 16.01.2024 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा प्रश्नगत एम०ओ०यू० के कियान्वयन के सम्बन्ध में मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश की अध्यक्षता में दिनांक 09.01.2024 को आहूत बैठक के कार्यवृत्त में उल्लिखित बिन्दुओं पर अपेक्षित कार्यवाही कराये जाने की अपेक्षा की गयी है।

2– इस सम्बन्ध में उक्त संदर्भित पत्र दिनांक 16.01.2024 की प्रति संलग्न कर प्रेषित करते हुये मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया प्रश्नगत प्रकरण में नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही कराते हुए कृत कार्यवाही की आख्या प्रकरण में नामित नोडल अधिकारी डॉ० मंजू सिंह, विशेष कार्याधिकारी एवं जनसम्पर्क अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना कोष्ठक, उ०प्र० शासन एवं उच्च शिक्षा अनुभाग–3, उ०प्र० शासन को शीघ्र उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

संलग्नक–यथोक्त।

भवदीय,

**(डॉ० अखिलेश कुमार मिश्रा)**
विशेष सचिव।

संख्या एवं दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ को उनके उक्त संदर्भित पत्र दिनांक 16.01.2024 के कम में सूचनार्थ प्रेषित।
2– निजी सचिव, प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उ०प्र० शासन।
3– निजी सचिव, विशेष सचिव (श्री मिश्रा), उच्च शिक्षा विभाग, उ०प्र० शासन।
4– डॉ० मंजू सिंह, विशेष कार्याधिकारी एवं जनसम्पर्क अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना कोष्ठक, उ०प्र० शासन/नामित नोडल अधिकारी।
5– समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, उत्तर प्रदेश।

आज्ञा से,

**(एस०पी० मिश्र)**
उप सचिव।

संख्या – 365 / [illegible]-3-2024

**भारत निर्वाचन आयोग व भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के मध्य हुए (MoU) के सम्बन्ध में दिनांक 09.01.2024 को मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश की अध्यक्षता में आयोजित बैठक का कार्यवृत्त।**

भारत निर्वाचन आयोग व भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के मध्य हुए (MoU) के सम्बन्ध में दिनांक 09.01.2024 को मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश की अध्यक्षता में उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन के साथ बैठक आयोजित की गयी। उक्त आयोजित बैठक में निम्नलिखित द्वारा प्रतिभाग किया गया:–

- डा0 अखिलेश मिश्रा, विशेष सचिव, उच्च शिक्षा विभाग उ0प्र0 शासन
- सुश्री निधि श्रीवास्तव, अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश
- डा0 मंजू सिंह, स्टेट को–आर्डिनेटर, एन0एस0एस0, उत्तर प्रदेश शासन
- श्री टी0पी0 गुप्ता, सांख्यिकीय अधिकारी/स्वीप नोडल अधिकारी

मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ0प्र0 द्वारा उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन से भारत निर्वाचन आयोग व भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के मध्य हुए (MoU) के सम्बन्ध में निम्नांकित कार्यवाहियां की जाने की अपेक्षा की गयी हैं:–

- निर्वाचन प्रक्रियाओं पर शैक्षिक सामग्री विकसित किया जाये और मतदाता साक्षरता को सभी कॉलेजो/विश्वविद्यालयों के लिए पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया जाये।
- प्रत्येक स्कूल/कॉलेज में कम से कम एक मतदाता साक्षरता क्लब (ई0एल0सी0) को क्रियाशील किये जाने की अपेक्षा की गयी।
- प्रत्येक स्कूल/कॉलेज में एक अथवा दो अध्यापकों को ई0एल0सी0 का नोडल अधिकारी नामित किया जाये, एवं इन अध्यापकों के लिए मतदाता साक्षरता विषय पर प्रशिक्षण आयोजित कराया जाये।
- प्रत्येक ई0एल0सी0 के लिए किसी सक्रिय छात्र को संयोजक बनाया जाये, जो कॉलेज के नोडल अधिकारी से समन्वय करते हुये मतदाता जागरूकता एवं साक्षरता विषय पर विभिन्न प्रकार की गतिविधियां आयोजित करायेंगे। इनके लिए विस्तृत प्रशिक्षण आयोजित कराया जाये।
- ई0एल0सी0 के माध्यम से प्रत्येक छात्र को ई0वी0एम0, वी0वी0पैट तथा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विकसित किये गये विभिन्न प्रकार के एप्स के बारे में जानकारी दी जाये।
- राष्ट्रीय मतदाता दिवस (25 जनवरी) के अवसर पर भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाये।
- निर्वाचन के दौरान छात्राओं/छात्रों द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जाये।
- UDISE तथा AISHE पर उपलब्ध 17 वर्ष से अधिक आयु के छात्रों का विवरण उपयोग करते हुये इन्हें ई0एल0सी0 के माध्यम से ऑनलाइन मतदाता पंजीकरण के सम्बन्ध में जानकारी उपलब्ध करायी जाये तथा इनके ऑनलाइन मतदाता पंजीकरण किये जाने हेतु स्कूल/कॉलेज/विश्वविद्यालय में सहयोग किया जाये।
- उच्च शिक्षा विभाग किसी एक अधिकारी को नोडल अधिकारी नामित कर सूचित करें जो मुख्य निर्वाचन अधिकारी,कार्यालय से समन्वय कर एम0ओ0यू0 के अनुसार कार्यवाही सम्पादित करायेंगे।

(डॉ0 अखिलेश कुमार मिश्रा)
विशेष सचिव,
उच्च शिक्षा विभाग,
उत्तर प्रदेश शासन

4232/US(A)/HE
80-3

श्री रवीन्द्र
13/2/2024

c:\users\hp\desktop\suhail-23-24\mou edu with eci\mou education depart note.docx

- उक्त समस्त गतिविधियों के सम्बन्ध में प्रत्येक स्कूल/कॉलेज/विश्वविद्यालय में मतदाता सूची में पंजीकरण हेतु अर्ह छात्राओं/छात्रों की त्वरित सूचना के आदान–प्रदान हेतु एक गूगल शीट विकसित करते हुये उस पर सूचनायें भरवाई जाये।
- बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि अगली बैठक माध्यमिक शिक्षा तथा बेसिक शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन के साथ आयोजित की जाये।

बैठक धन्यवाद के साथ समाप्त हुई।

भवदीय

(विनय कुमार पाठक)
संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी

संख्या– 02/सीईओ–6 दिनांक 16.01.2024

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1–प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
2–निजी सचिव, मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश।
3–निजी सचिव, अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी(एन0एस0), उत्तर प्रदेश।
4–स्टेट को–आर्डिनेटर, एन0एस0एस0, उत्तर प्रदेश शासन।
5–श्री तेज प्रकाश गुप्ता, सांख्यिकीय अधिकारी, का0मु0नि0अ0, उ0प्र0।
6–समस्त अधिकारी/अनुभाग कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश।

(विनय कुमार पाठक)
संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी